नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# सफलता के लिए समय का प्रबंधन जरूरी -डॉ. शोभा पालीवाल

वर्धा दि. 01 सितंबर 2015: जीवन में सफलता पाने के लिए समय का प्रबंधन जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना समूह में रहकर व्यक्तिवादी भावना से मुक्त कराती है। समूह के माध्यम से विकसित मूल्यों को व्यक्तिगत जीवन में अपनाने की शिक्षा राष्ट्रीय सेवा योजना से मिलती है। इस आशय के विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की अकादमिक संयोजक डॉ. शोभा पालीवाल ने व्यक्त किये। वह विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नए स्वयंसेवकों के परिचय सम्मेलन को संबोधित कर रही थी।




अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर लॉयन्स क्लब गांधी सिटी के अध्यक्ष रमन लालवानी, श्रीराम शर्मा, अख्तर कुरेशी, कार्यक्रम अधिकारी तथा स्त्री अध्ययन विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया पाठक, बी. एस. मिरगे मंचासीन थे। रमन लालवानी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना ने सफाई अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं जैसे अभियानों के माध्यम से कार्य करने चाहिए।



इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी ने किया तथा आभार बी. एस. मिरगे ने माना। छात्रों ने अपनी रूचि के विषयों को अमल में लाने का संकल्प इस अवसर पर किया। कार्यक्रम के बाद विश्वविद्यालय परिसर में अतिथियों और विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।



## यशस्वीतेसाठी वेळेचे व्यवस्थापन आवश्यक -डॉ. शोभा पालीवाल

वर्धा दि. 01 सप्टेंबर 2015: जीवनात यशस्वी होण्यासाठी वेळेचे व्यवस्थापन आवश्यक आहे. राष्ट्रीय सेवा योजना समूहात राहून व्यक्तिवादी भावनेतून मुक्त करते। समूहातून विकसित झालेली मूल्ये व्यक्तिगत जीवनात अंगीकारण्याची शिकवण राष्ट्रीय सेवा योजनेतून मिळते असे विचार महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील अकादमिक संयोजक डॉ. शोभा पालीवाल यांनी व्यक्त केले. विश्वविद्यालयातील राष्ट्रीय सेवा योजनेच्या वतीने आयोजित स्वयंसेवकांच्या परिचय संमेलनात त्या बोलत होत्या.




यावेळी लॉयन्स क्लब गांधी सिटीचे अध्यक्ष रमन लालवानी, श्रीराम शर्मा, अख्तर कुरेशी, कार्यक्रम अधिकारी तथा स्त्री अध्ययन विभाग प्रमुख सुप्रिया पाठक, बी. एस. मिरगे मंचावर होते. रमन लालवानी म्हणाले की स्वच्छता आणि मुली वाचवा मुली शिकवा सारख्या अभियानातून राष्ट्रीय सेवा योजनेने कार्य केले पाहिजे.




कार्यक्रमाचे संचालन राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी यांनी केले तर आभार बी. एस. मिरगे यांनी मानले. विद्यार्थ्यांनी आपल्या आवडीच्या विषयांवर कार्य करण्याचा संकल्प यावेळी आपल्या मनोगतातून केला. कार्यक्रमानंतर विश्वविद्यालय परिसरात अतीथी आणि विद्यार्थ्यांच्या वतीने वृक्षारोपण करण्यात आले.